सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 294 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

NURSERY TO CLASS XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS

BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186

# रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने अपनी उलगुलान न्याय महारैली का किया आयोजन










पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज डेस्क रांची - रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने अपनी इस रैली को 'उलगुलान न्याय महारैली' का नाम दिया गया है।

दिल्ली के बाद रांची में इंडी गठबंधन के करीब सभी प्रमुख दल के नेताओं का जमावड़ा लगा, टी एम सी के ममता दीदी को छोड़ कर, जेएमएम की ओर से प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय रैली में गठबंधन के कई बड़े नेता पहुंचे। मंच से झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने केंद्र और बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने हेमंत सोरेन का संदेश सुनाते हुए कहा कि गैर बीजेपी सरकार वाले राज्यों को परेशान किया जा रहा है।

वहीं, मंच से दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे केजरीवाल जी को मारना चाहते हैं। उन्हें दवा की सही खुराक नहीं दी जा रही है। मैं पूछती है कि मेरे पति की क्या गलती थी और उन्हें जेल क्यों भेजा गया है?

उलगुलान न्याय महारैली में जहां विपक्षी दलों के सभी नेता जहां भाजपा पर बरसे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी जी गरीबों से वोट छिनना चाहते है, संविधान बदलना चाहते है। उनके लोग कहते है, इस बार 400 पार। गनीमत है कि ये नहीं बोल रहे कि इस बार 600 पार। इस बार इंडी गठबंधन की शक्ति इतनी है कि बीजेपी के लोग हमारी मजबूती को तोड़ नहीं सकेंगे।

संजय सिंह ने सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन को वीरांगना बताया

रैली को संबोधित करते हुए आप नेता संजय सिंह ने सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन को वीरांगना बताया। केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जेल में इन्सुलिन नहीं दी जा रही है। जिन्होंने पूरी दिल्ली के लिए दवा की व्यवस्था की है।

## आजसू पार्टी का जमशेदपुर स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आयोजित, कई लोगों ने थामा पार्टी का दामन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

रांची/जमशेदपुर। इंडिया गठबंधन के पास ना कोई मोदी का विकल्प है और ना ही राष्ट्र के लिए संकल्प। सत्तारुढ़ जेएमएम और कांग्रेस का एक ही ध्येय है तुष्टीकरण की राजनीति करना। जेएमएम का तो सारा समय और ध्यान प्रदेश में अपने परिवार को स्थापित करने और लिए झारखंड को ही विस्थापित बनाने में लगा हुआ है। उक्त बातें आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने डिमना लेक एरिया, जमशेदपुर में आयोजित जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। इस सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जमशेदपुर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और कई समाजसेवियों ने आजसू का दामन थामा। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि 5 लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार 10 हजार नौकरियों का भी आंकड़ा नहीं पार कर पाई है।



# सांसद पीएन सिंह ने रांची के इंडी गठबंधन उलगुलान न्याय महारैली मे चले लात घुसे कुर्सी फेंका फ़ेंकी पर बोले - खेल कुर्सी का शुरू...

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : धनबाद के बीजेपी सांसद पीएन सिंह ने हाउसिंग कॉलोनी स्थित पार्टी के चुनावी कार्यालय में आज एक प्रेस वार्ता कर इंडी गठबंधन के द्वारा झारखंड में बुलाए गए उलगुलान न्याय महारैली पर जमकर हमला बोला

सांसद पीएन सिंह ने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी का जन्म झारखंड आंदोलन से हुआ वो अगर चाहती तो 1990 के दशक में झारखंड बनवाने का उन्हें मौका मिला था ,नरसिम्हा राव सरकार को समर्थन के बदले राज्य के निर्माण के लिए कोई दबाव नहीं बनवा सकती थी लेकिन झामुमो ने सौदा कर लिया..

उन्होंने झारखंड की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आदिवासी ,किसान महिला और दलित विरोधी बताते हुए कहा कि अभी भी इंडी गठबंधन में इनका कोई नेता नहीं है अगर यह लोकसभा चुनाव जीत भी जाएं तो सरकार में प्रधानमंत्री का उम्मीदवार कौन होगा किसी को नहीं पता ...जबकि भाजपा के पास पीएम मोदी का नेतृत्व है ..और यही कारण है कि आने वाले समय में जनता बीजेपी के नेतृत्व पर ही भरोसा करेंगी|

पीएन सिंह ने भाजपा में जेवीएम के नेताओं को तरजीह मिलने के सवाल पर भी चुप्पी साथ लिया ..दूसरी ओर जब सांसद से यह पूछा गया की 50 केस के आरोपी रहे है भाजपा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो तो उन्होंने कहा कि किसी एक मामले में उन पर 2 साल की सजा नहीं हुई है.. ऐसे में चुनाव लड़ने को लेकर कोई अवरोध नहीं है और बाकी अन्य जो भी मामले हैं वो सभी कोर्ट में विचाराधीन है ऐसे में इस पर कोई टीका टिप्पणी नहीं किया जा सकता|

राजपूतों की नाराजगी के सवाल पर सांसद पीएन सिंह ने कहा कि "समाज राजनीति का प्लेटफार्म नहीं होता.." पिछले 19 अप्रैल को प्रथम फेज के चुनाव में वोट प्रतिशत में गिरावट आएं गिरावट पर सांसद ने कहा गर्मी के वजह से बिहार सहित दूसरे इलाके में वोट प्रतिशत में गिरावट आई होगी...

इस प्रेस वार्ता में बीजेपी पार्टी के सांसद पीएन सिंह,जिला अध्यक्ष श्रवण राय यादव ,धनबाद विधायक राज सिन्हा ,सरोज सिंह ,विनय सिंह ,सतेंद्र कुमार, चंद्रशेखर सिंह, संजय झा ,संजीव अग्रवाल ,नितिन भट्ट,मानस प्रसून ,मिल्टन पार्थ सारथी,समेत पार्टी दर्जनों नेता मौजूद रहें|

# कांग्रेस ने गोड्डा सीट से उम्मीदवार को बदला, दीपिका नहीं अब प्रदीप मैदान में, रांची से यशाश्विनी सहाय..

पोलिट लाइव रिपोर्टर



रांची : कांग्रेस ने झारखंड में बड़ा उलट फेर किया है। कुछ दिनों पहले कांग्रेस ने झारखंड के गुड्डा लोकसभा सीट से दीपिका पांडे सिंह का नाम फाइनल किया था, लेकिन अब उन्हें बदल दिया गया है। अब उनके बदले प्रदीप यादव चुनाव लड़ेंगे। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। वहीं झारखंड के राजधानी रांची लोकसभा सीट से सुबोध कांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाया गया है। इस संबंध में रविवार को राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडिया गठबंधन की उलगुलान न्याय रैली की मंच पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सुश्री सहाय को बधाई दी। उनके उज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं दी। रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं सुश्री सहाय की मुलाकात के बाद रांची सीट पर प्रत्याशी को लेकर लगाए जा रहे अटकलों पर विराम लग गया।

# डीसीएलआर ने किया गुरुनानक कॉलेज प्रशिक्षण केन्द्र का भ्रमण



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके राय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में मतदान दल के कर्मियों को त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसको लेकर डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता ने आज गुरुनानक कॉलेज का भ्रमण किया।

उन्होंने मतदान दल के कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षकों द्वारा बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट को कनेक्ट करना, विभिन्न फॉर्म को भरना, कलर कोडिंग, मॉक पोल, निर्धारित समय पर मतदान शुरू कराना, मतदान संपन्न होने के बाद की प्रक्रिया सहित बताए गए प्रत्येक बिंदुओं को ध्यान पूर्वक सुने और उसका पालन करे।

मौके पर सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, मास्टर ट्रेनर उमेश लाल, पुष्कर झा, शिरोमणि दुबे, अनूप बाजपेयी, रमाशंकर तिवारी, हरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।



# गर्मी के तापमान से लोग परेशान...

20कैमरा के नज़र से....







पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : झारखण्ड समेत कुछ जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है. कई जिलों में तो पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है. गर्मी का आलम यह है कि लोगों का दिन के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. वहीं मौसम विभाग ने 11 जिलों में अगले 4 दिनों के लिए सीवियर हीट वेव का अलर्ट जारी किया है.

इसके अलावा बुजुर्ग और बच्चों के लिए चेतावनी भी जारी की है. धनबाद समेत रांची लोहरदगा, हज़ारीबाग, देवघर जिले में पारा 44.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया. मौसम विभाग की मानें तो अगले 4 दिनों में तापमान और बढ़ सकता है. वहीं अगले चार दिनों में झारखण्ड के कई जिलों का पारा 43 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच सकता है. धनबाद क़ी बात करें तो नीचे कोलियरी मे आग क़ी तपिश ऊपर इंडस्ट्रीयों फैक्ट्रीयों क़ी गर्मी ऊपर से सूर्य क़ी तेज किरणे जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है,जिला उपायुक्त ने भी लोगों से आग्रह किया है क़ी बहुत जरुरी ना हो तो घर से नहीं निकले सुबह नौ बजे से 4 बजे तक.....








EAST END CONVENT

Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad
Mob.: 8210805005, 9334624678

1. Classes running from NUR. to (+2) Level
   For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.



# डीसीएलआर ने किया एसएसएलएनटी कॉलेज प्रशिक्षण केन्द्र का भ्रमण

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके राय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में मतदान दल के कर्मियों को त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।





इस क्रम में डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता ने आज श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण लेने तथा ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने का अनुरोध किया। साथ ही चुनाव के दिन सुबह 5.30 बजे मॉक पोल शुरु करने, मॉक पोल करने के उपरांत डाटा जरूर डिलीट करने, सुबह 7 बजे वास्तविक मतदान प्रारंभ करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मौके पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार वर्मा, घनश्याम दुबे, प्रदीप, शम्भू शरण अंबष्ट, महफूज, रूपेश वर्णवाल, दयामयी, संतोष कुमार, विनय रंजन तिवारी, संतोष कुमार झा, सुनील कुमार, अनवर हुसैन, नागेन्द्र कुमार सिंह, आलोक तिवारी आदि प्रशिक्षक मौजूद थे।

ISO Certified Institute
आओ पढ़ो और सिखो
पढ़ाई क्या और कैसे होती है...
तकनीकी की दुनिया में एक सोंच जो बनाए आपको आत्मनिर्भर
S. K. COMPUTER & SCIENCE CLASSES
थाना के बगल में (ओपोजिट–गोबिन्दपुर, पोस्ट ऑफिस)
जी० टी० रोड, गोविन्दपुर, धनबाद
ALL COMPUTER COURSE
D.C.A.
D.T.P.
A.D.C.A.
Hardware
Tally Prime
Advance Tally
JAVA, CC++, PYTHON
100% JOB ORIENTED
ADMISSION GOING ON
Tally ERP-9 With GST
(Accounting Project & Working Experience)
ALL SCIENCE COURSE
9th
10th
11th
12th
B.Sc.
M.Sc.
Polytechnic
एक कदम सफलता की ओर .....
Our Facilities :-
• Separate Batch for Girls Classes • Limit Students Per Batch
• Monthly Test Series • Extra Care of Weak Students • Anytime Doubt Clearing Session • Test Series के आधार पर Rotation Classes
ARTS 11th, 12th & B.A.
आर्ट्स की सभी विषयों की कक्षाएँ होती है।
SPOKEN ENGLISH
एक ऐसा नाम जिस पर सबको है विश्वास, क्योंकि सफलता ही हमारी पहचान है।
Mr. Sanjay Sir (16th Years Expert)
7870445144, 9931843186
Md. Shamim Sir (16th Years Expert)
9798858597, 7050933955
New Aruna Press # 9973748859

# हरहरी तालाब जीर्णोद्धार को ले विवाद उत्पन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर: बीरसिंहपुर पंचायत के हरहरी तालाब जीर्णोद्धार कार्य को ले अभिकर्ता व बंदोबस्त करने वाले के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभिकर्ता ओमप्रकाश महतो, विनीत व बंदोबस्त करने वाले संजय महतो ने अधिकारियों को आवेदन देकर एक दूसरे पर कार्रवाई की मांग किया है। अभिकर्ता ओमप्रकाश महतो व विनीत सिंह ने जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर कहा कि बीरसिंहपुर पंचायत के हरहरी में तालाब का जीर्णोद्धार कार्य के लिए सिंचाई प्रमंडल धनबाद से निविदा निकला गया था। नारायण उद्यम प्राइवेट लिमिटेड को इकरारनामा की गई है। 20 अप्रैल 2024 को जेसीबी लेकर गया लेकिन संजय महतो ने पानी निकासी करने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। मारपीट की धमकी दी जा रही है। रंगदारी की मांग की जा रही है। उन्होंने करवाई की मांग अधिकारियों से की है। मुखिया रंगा किस्कू समेत अन्य लोगों ने भी अधिकारियों को आवेदन देकर तालाब जीर्णोद्धार कार्य में बाधा पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। दूसरे पक्ष के तालाब बंदोबस्त करने वाले संजय महतो ने बलियापुर थाना में आवेदन देकर कहा कि तालाब का बंदोबस्ती कराकर मछली पालन के लिए मछली छोड़ा था। अभिकर्ता व मुखिया प्रतिनिधि द्वारा जबरन तालाब का मेढ़ कटाई किया जा रहा है। उन्होंने उचित कार्रवाई की मांग की।

क्या कहते हैं मत्स्य पदाधिकारी - मत्स्य पदाधिकारी का कहना है कि हरहरी तालाब बंदोबस्त 31 मार्च तक किया गया है। जीर्णोद्धार का संजय महतो द्वारा राजस्व जमा कर दिया गया है। डाकधारी द्वारा उक्त तालाब में मछली का बच्चा का संचयन किया गया है जो अभी काफी छोटे साइज का है। 31 मार्च 2025 तक जीर्णोद्धार स्थगित किया जाय।

## बलियापुर में भाजपा बुथ अध्यक्षों की हुई बैठक



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर: पूर्वी पंचायत में रविवार भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष मुखर्जी के नेतृत्व में सभी बुथ अध्यक्षों के साथ बैठक किया। भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने बुथो को सशक्त बनाने की दिशा में सभी कार्यकर्ताओं लग जाने का निर्देश दिया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में बेहतर विकास कार्य हुआ है। भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की दिशा में जनसंपर्क के लिए रूट तैयार किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष आशीष मुखर्जी, प्रभारी विजय रवानी, संदीप मजूमदार, महामंत्री गौरांग मंडल, मंजू दत्ता, जगन्नाथ दास, जय बनर्जी, गौतम चौबे, बंसी पाल, जितेंद्र प्रामाणिक, चंडी पाल, आकाश प्रमाणिक, संतोष पाल, कौशिक बनर्जी, मंसूर अंसारी आदि मौजूद थे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने ढुल्लु महतो को जीत का आश्वासन दिलाया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: भाजपा ओबीसी मोर्चा धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष महादेव कुम्भकार एवं सिंदरी नगर अध्यक्ष रविकांत शर्मा के नेतृत्व में मोर्चा के कार्यक्रतो ने भाजपा धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो से रविवार को मुलाकात कर उन्हे पुष्पगुच्छ प्रदान कर एवं माला पहनकर स्वागत करते हुए ओबीसी मोर्चा द्वारा उनके पक्ष में किये जा रहे वर्तमान एवं आगामी कार्यक्रम जानकारी जानकारी दिया । सिंदरी नगर भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष रविकांत शर्मा ने मोर्चा द्वारा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष मे मतदान करने की अपील जनता के बीच जाकर की जा रही दोरा एवं प्रचार प्रसार की जानकारी दी। मोके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष महादेव कुम्भकार,सिंदरी नगर ओबीसी अध्यक्ष रविकांत शर्मा, महामंत्री सुनील शर्मा, राजेश कुमार दास, जिला मंत्री चंडी प्रसाद महतो, जिला मीडिया प्रभारी विश्वनाथ पाल, मीडिया सह प्रभारी दशरथ मंडल, दिलीप कुमार मंडल शक्तिपदा गोराई आदि थे।

## बलियापुर आमझर में तीन दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ प्रारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुई



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : आमझर गांव में बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का अवसर पर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इसी के साथ तीन दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ बिरजू तालाब पहुंच, पंडित सोनू कश्यप ने वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ जल भरणी का रस्म किया। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु पवन पुत्र हनुमान ,बजरंगबली की जयकारे लगाते हुए आमझर गांव के विभिन्न टोला में भ्रमण करते हुए बजरंगबली मंदिर पहुंचा। जहां कलश स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। कलश यात्रा में सिंदरी विधायक पत्नी तारा देवी, हलधर मोदक, शैलेन शामिल हुए ।इसके अलावा यज्ञ कमेटी के सुनील मंडल, सचिन मंडल, समीर मंडल, पप्पू मंडल, संदीप मंडल, राहुल मंडल, भागीरथ प्रमाणिक, चंदन प्रमाणिक, बलराम प्रमाणिक, तापस दास, वरुण मल्लिक बैजनाथ कालिंदी, गंगाधर बाउरी आदि शामिल थे।

# धनबाद जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हजारों गाड़ियों की काफिला के साथ रांची में उलगुलान न्याय महारैली में हुआ शामिल

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद: जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में एवं धनबाद लोकसभा इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह जी की उपस्थिति में हजारों हजार की गाड़ियों की काफिला के साथ इंडिया गठबंधन के द्वारा आयोजित रांची में उलगुलान न्याय महारैली कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की एवं महारैली को ऐतिहासिक बनाने का काम किया! मौके पर धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के ईशारे पर हेमंत सोरेन पर की गई कार्रवाई एवं गिरफ्तारी के बाद मोदी सरकार ने अपने चाल,चेहरा और चरित्र का परिचय दिया हैं,भाजपा हमेशा निम्न स्तरीय व प्रतिशोध की राजनीति करती है,झारखंड के साथ-साथ दिल्ली में क्या हुआ यह जगजाहिर है,देश में तानाशाही हावी हो गई हैं,इसे हर हाल में रोकना है,लोकतंत्र और संविधान को बचाना है,आगे उन्होंने कहा कि जनता ने जिनको जनादेश दिया उन्हें और अस्थिर किया गया,भाजपा के इस षड्यंत्र की वजह से झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन करना पड़ा,झारखंड में अब निश्चित रूप से अब उलगुलान का समय आ गया है,मोदी सरकार ने हमेशा गैर भाजपा शासित प्रदेशों को तोड़ने एवं तबाह करने का प्रयास किया है,जनता भाजपा के निम्नस्तरीय क्रियाकलाप से रूबरू हो गए हैं,लोगों का इंडिया महागठबंधन व कांग्रेस के प्रति विश्वास जगा हैं,महारैली के माध्यम से लोगों ने भाजपा सरकार को जाहिर कर दिया की झारखंड में तानाशाही को हावी होने नहीं देंगे,2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी!

मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा की धनबाद लोकसभा से हजारों हजार की संख्या में सहित पूरे झारखंड से लाखों लाख लोग चलकर रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में शामिल हुआ हैं,निश्चित रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड से भाजपा का सफाया होना तय हैं!

जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सचिव शमशेर आलम झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज आलम, राम गोपाल भूवानीया, राजेश्वर यादव, योगेन्द्र सिंह योगी, मंटू दास, वकील बाउरी, लक्ष्मण तिवारी, कयूम खान, कुमार गौरव, गुड्डू खान,राजू दास, गोपाल कृष्ण चौधरी, सिता राना, , हरेंद्र शाही, असद कलिम, जीतेश सिंह, संतोष राय, दिलीप मिश्रा, दिपक सिंह, अजय सिंह, इम्तियाज अली, डीएन यादव, आंनद मोदक, मनोज कुमार हाड़ी पप्पू पासवान,जयप्रकाश चौहान, संतोष मोदक, अजय कुमार, शरीफ अंसारी, बीरेन्द्र गुप्ता, तबरेज खान, जियाउल हुसैन, राम कृपाल गोस्वामी, बीरेन्द्र बहादुर, टिंकू अंसारी, उमेश रविदास, धनेशवर सिंह, रखाल दास, अनू पासवान, अरविंद सैनी,सुरज वर्मा, देंवती देवी, सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे!

मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# जदयू ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को जिताने का लिया संकल्प

पोलिट लाइव रिपोर्टर




गोमो: जदयू टुंडी विधानसभा के पंचायत प्रभारी, और प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को तोपचांची में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद सह जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो एवं जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को जिताने की रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रत्येक बुथ पर जदयू का कार्यकर्ता हो, इस पर विचार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य सभा सांसद सह जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर जदयू के कार्यकर्ता पुरे प्रदेश में 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए कमर कस ली है। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को भारी बहुमत से जदयू कार्यकर्ता विजय बनाएंगे और फिर से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को जिताने के लिए जदयू पार्टी और यूथ फोर्स के कार्यकर्ता लग गए हैं,जीत ऐतिहासिक होगी। बैठक को जदयू धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, जदयू बोकारो जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो,पिछड़ा प्रकोष्ठ केप्रदेश अध्यक्ष रामस्वरुप यादव , जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी,जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास,जदयू टुंडी प्रखंड युवा अध्यक्ष गौतम पाण्डेय, जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप,प्रदेश सचिव राजु सिंह, जदयू धनबाद जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष इम्तियाज खान,जदयू धनबाद जिला सचिव दीपक कुमार महतो,कमलेश मंडल, फुलचंद दास, अहमद अंसारी, मिट्ठू रजवार, तारा बाबू, गुड्डू सिंह, गोतम पांडेय, तिलक सिंह, गणेश हांसदा, हीरालाल तुरी, अहमद रजा,प्रकाश मंडल, सुकदेव दास,सीता देवी, बिनती देवी, बिनोद सिंह दिनेश राय, इम्तियाज अंसारी, मनोवर आलम, संजय दे, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जदयूप्रदेशमहासचिवसहयूथफोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ,मंच का सफल संचालन तोपचाँची प्रखण्ड अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार पाण्डेय और धन्यवाद ज्ञापन नुनुमणि सिंह ने किया।

## सिंदरी एसडीपीओ ने क्राइम मिटिंग में दिए कड़ा और बड़ा दिशानिर्देश,वारंटियों की जल्द गिरफ्तार करो



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित क्राइम मिटिंग में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर जरूरी दिशानिर्देश दिए गए। इनमें लंबित कांडों का निष्पादन और अनुमंडल क्षेत्र के वारंटियों की गिरफ्तारी जल्द करने को कहा गया। उन्होंने बताया कि अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा रहा है। अवैध धंधेबाजों को सचेत करते हुए कहा कि वे बख्शे नहीं जाएँगे। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अंतरराज्यीय चेकपोस्टों पर निगरानी रखी जा रही है। दामोदर नदी के किनारे भी निगरानी की जा रही है। क्राइम मिटिंग में सिंदरी पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के थाना और ओपी प्रभारी मौजूद थे।

## मैट्रिक परीक्षा के पूर्वी टुंडी प्रखंड टॉपर कृष्णा कुम्हार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित



पोलिट लाइव रिपोर्टर

पूर्वी टुंडी : पूर्वी टुंडी मैट्रिक परीक्षा के प्रखंड टॉपर सोहनाद गांव निवासी कृष्णा कुम्हार को उनके आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिससे युवक के माता-पिता एवं पूरे परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ। तथा सोहनाद गांव से मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड से द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मोहित कुम्हार, को सम्मानित किया गया। साथ ही असुरबांध गांव निवासी तन्मय मंडल को अच्छे प्रतिशत लाने पर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा नेता सुरेश महतो,भाजपा अध्यक्ष समीर साव, शंकर चंद्र दा,भीमलाल भंडारी आदि शामिल थे।

## निर्मला विद्यालय गोविंदपुर परिसर में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी हुई सम्पन्न



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : डेमियन सोशल वेलफेयर सेंटर द्वारा संचालित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त निर्मला विद्यालय परिसर में रविवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी हुई। इसमें संस्थान के निदेशक फादर अजय तिरु ने कहा कि छात्रों की सफलता के लिए अभिभावकों का सजग होना जरूरी है । विद्यालय में बच्चे सीमित समय के लिए रहते हैं और यदि घर में अभिभावक ध्यान देंगे तो बच्चे और बेहतर करेंगे। प्राचार्य फादर अल्फ्रेड बालमुचू ने कहा कि विद्यालय में न्यूनतम शुल्क पर बेहतर शिक्षा दी जा रही है । शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक दोनों गतिविधियों में विद्यार्थियों को पारंगत किया जा रहा है। इस मौके पर बच्चों के बीच परीक्षा फल वितरित किया गया और अभिभावकों से विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की गई। मौके पर उप प्राचार्य सिस्टर वंदना, कोऑर्डिनेटर रॉबर्ट तथा कई शिक्षकों और अभिभावकों ने अपने सुझाव दिये।

## मैट्रिक परीक्षा में आरबीबी हाई स्कूल टॉपर की छात्रा काजल कुमारी को भाजपा राजगंज मंडल ने किया सम्मानित



पोलिट लाइव रिपोर्टर

राजगंज : मैट्रिक परीक्षा में आरबीबी हाई स्कूल टॉपर की छात्रा काजल कुमारी को भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह एवं अधिवक्ता सुदीप अड्डी ने रविवार को छात्रा काजल को पुष्पगुच्छ,डायरी देकर सम्मानित किया।काजल राजगंज बाजार निवासी उत्तम स्वर्णकार व रेखा देवी की पुत्री है, जिन्होंने मैट्रिक परीक्षा में 90.60 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रही।मौके पर मुखिया प्रतियाशी बॉबी अड्डी,सुदाम चंद्र अड्डी,जीतू विश्वकर्मा, कौशल्या देवी, गणेश चंद्र पाल, प्रदीप अग्रवाल, पप्पू भगत, सपन गोराई, गौतम कुमार डे, जितेंद्र भगत, आदि उपस्थित थे।

# मंडल रेल प्रबंधक के अनुमोदन एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी के निर्देश पर कोडरमा स्टेशन पर जल वितरण

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सह अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स महोदय के अनुमोदन एवं अजित कुमार वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी सह जिला आयुक्त स्काउट महोदय जी के नेतृत्व में जल वितरण कार्य के लिए धनबाद मंडल के धनबाद, गोमो, एवं कोडरमा को चुना गया । जिसमें इस भीषण गर्मी को देखते हुए रेल यात्रियों के सेवा हेतु शीतल जल मुहैया कराया जा रहा है। जिसमे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्यों द्वारा हर सम्भव जल को यात्रियों तक पँहुचाया जा रहा है। स्काउट्स एंड गाइड्स की सेवा भाव का रेल यात्रियों द्वारा सरहाया जा रहा है। द्वितीय श्रेणी के यात्रियों का कहना था कि भईया इस तपती गर्मी में आपलोग बहुत ही अच्छा और नेक कार्य कर रहे है क्योंकि प्यास भी लगा हुआ है पर जा नही सकते है क्योंकि जहाँ सीट से हटे फिर पूरा रास्ता खड़े ही जाना होगा। इसलिए पानी लेने के लिए उतर भी नही रहे। इसमें आपलोग हमलोगों तक ठंडा पानी पहुँचा दे रहे है यह काबिले तारीफ है। ऐसे ही हमलोगो को आपलोगो का कुछ साथी गोमो स्टेशन पर भी मिले थे। वे लोग भी हर जरूरतमंद यात्रियों तक पानी मुहैया करवाया। आज के इस कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद के स्काउट, गाइड्स लीडर्स ने अपना अपना महवत्पूर्ण योगदान दिए*इसी तरह यह जल वितरण का कार्य आगे भी चलता रहेगा

# महिला क्रिकेट अंडर-19 के पाँच प्रमुख खिलाडियों को माही क्रिकेट क्लब ने वाणी मंदिर क्लब में किया सम्मानित

पोलिट लाइव रिपोर्टर




कुमारधुबी: क्रिकेट जगत में कुमारधुबी के माही क्रिकेट क्लब की पांच लड़कियों के प्रदर्शन की चर्चा पूरे क्षेत्र में है। इन लड़कियों ने झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला (अंडर-19)क्रिकेट टूर्नामेंट में धनबाद जिला को 2024 का पहला खिताब रामगढ़ को हराकर दिलाने में अहम भूमिका निभाई। धनबाद के चैंपियन होने के बाद कुमारधुबी लौटी इन पांचो लड़कियों का स्वागत माही क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष अभिजीत घोष तथा सचिव दोयल घोष ने वाणी मंदिर क्लब में सम्मान समारोह आयोजित कर किया। क्लब के सदस्यों ने इनके सफलता पर हर्षित होकर केक काटा एवं शुभकामनाएं दी।

**क्या है उपलब्धि ?**

माही क्रिकेट क्लब कुमारधुबी की पांच लड़कियां बबली कुमारी, अंकिता कुमारी मौर्या, अनु कुमारी यादव, अर्पिता लायक तथा लक्ष्मी पूर्ति धनबाद जिला अंडर-19 टीम में चुनी गई। पहली बार अंतर जिला (अंडर-19) क्रिकेट टीम में खेलते हुए बबली को फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया उसने 84 रन बनाए थे। जबकि पहले मैच में अंकित मौर्य प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गई थी। फाइनल मैच में अर्पिता लायक ने भी 51 रन बनाए थे। अनु और लक्ष्मी ने भी जिला टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन किया। उनकी उपलब्धि से खुश माही क्रिकेट क्लब की सचिव दोयल घोष ने पांचो खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटी खेलाओ की योजना साकार होती दिख रही है। उन्होंने अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया जिनके बदौलत यह लड़कियां खेल जगत में आगे बढ़ी है। मौके पर बापी बनर्जी,धनबाद जिला के पूर्व क्रिकेटर संजय यादव, कोच कुंदन कुमार राज, भागीरथ रजवार,प्रभाकर कुमार आदि मौजूद थे।

## भाजपा ग्रामीण महिला मोर्चा लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम 25 तारीख से चलायेगा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : सिंदरी विधानसभा भाजपा चुनाव प्रबंध समिति के लाभार्थी संपर्क अभियान की सदस्य व भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अधिवक्ता जया कुमार एवं दिनेश मंडल ने बताया कि पूरे सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में 10000 लाभार्थी परिवारों से संपर्क करने का कार्यक्रम 25 तारीख से चलाया जाएगा।

प्रत्येक गांव में जाकर लाभार्थी परिवार से संपर्क कर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की जाएगी। गोविंदपुर प्रखंड के सभी 39 पंचायतो में इस निमित्त कार्यकर्ताओं की टोली बनाई गई है , जो लाभार्थियों के बीच जाकर मोदी जी की योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे । दो दिनो के अंदर बलियापुर प्रखंड और सिन्दरी में भी कार्यकर्ताओं की टोली तैयार कर ली जाएगी। टोली के सदस्य घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

## भाजपा सिंदरी नगर ने जनसंपर्क एवं नुकड सभा कर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीताने क़ी अपील किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: भाजपा सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक के नेतृत्व में रविवार को सिंदरी नगर के बूथ संख्या 386 एवं 387 में जनसंपर्क एवं नुकड सभा कर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करने की अपील किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बाघमारा के विधायक रहे हुए सिंदरी समेत सभी जगहों के समस्याओं एवं अत्याचार के खिलाफ मुखर होकर जनता के आवाज को उन्होंने उठाया हैं। इसलिए उन्हें इस बार भारी मतो विजय बनाकर सांसद के रूप में दिल्ली भेजिए ताकि धनबाद लोकसभा क्षेत्र समेत सिंदरी का विकास हो सके। बूथ जनसंपर्क अभियान में नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक,राकेश तिवारी, गणेश सिंह, शिवजी आदि शामिल थे।

